## 29 April 2026

1. NPT संधि के पक्षों का समीक्षा सम्मेलन, 2026 USA के **न्यूयॉर्क** शहर में हुआ।

- यह इस संधि की **11 वीं** समीक्षा सम्मेलन है।
- इसके अध्यक्ष **डो हंग वियत** होंगे।
- उद्देश्य :- **परमाणु हथियार के प्रसार को रोकना**।

2. **हिमाद्री स्पेशलिटी केमिकल** नामक कंपनी ने **पश्चिम बंगाल के हुगली** में **भारत का पहला एनोड मटीरियल प्लांट** शुरू किया है।

- बैटरी के ऋणात्मक ध्रुव को एनोड कहते हैं तथा धनात्मक ध्रुव को कैथोड कहते हैं।

3. आम आदमी पार्टी के राज्य सभा के 7 पूर्व सांसद औपचारिक रूप से BJP में हुए शामिल।

- संविधान के **10 वीं अनुसूची में** दल बदल से संबंधित प्रावधान किये गए हैं।

4. **आंध्र प्रदेश के गुंटूर नगर निगम** को **ऑस्ट्रिया में** UNIDO GEM अवार्ड 2026 से किया गया सम्मानित।

- ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना है।
- OPEC का मुख्यालय वियना में है।

5. **पंजाब किंग्स** ने 265 रनों का लक्ष्य हासिल कर T20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे बड़े सफल रन चेज का बनाया रिकॉर्ड।

- 2026 में IPL का **19 वां संस्करण** हो रहा है।
- इस IPL के सबसे महंगे खिलाड़ी **कैमरन ग्रीन** हैं।

6. DMRC ने दिल्ली मेट्रो इंटरनेशनल लिमिटेड का पहला CEO **संजय जमुआर** को नियुक्त किया है।

7. वैश्विक खाद्य संकट रिपोर्ट, 2026 के अनुसार शीर्ष खाद्य असुरक्षित देश **नाइजीरिया** है।

- यह रिपोर्ट **UNO + EU के द्वारा** जारी किया गया है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार 2025 में **47 देशों** के 266 मिलियन लोग गंभीर खाद्य असुरक्षा से घिरे हुए हैं।
- इस रिपोर्ट के अनुसार सर्वाधिक खाद्य असुरक्षित देश **नाइजीरिया** है।

8. काहिरा में ISSF जूनियर वर्ल्ड कप 2026 की रैंकिंग में भारतीय निशानेबाजों ने हासिल किया **शीर्ष स्थान**।

- ISSF जूनियर वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन मिश्र की राजधानी **काहिरा में** किया गया है।
- यह Shooting (निशानेबाजी) का वर्ल्ड कप है।
- इसके पदक तालिका में **भारत पहले स्थान पर** है।
- इसमें भारत ने **कुल 16 पदक** प्राप्त किया है, जिसमें **5 गोल्ड**, 6 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज़ हैं।

9. भारतीय वायु सेना ने **मेहर बाबा प्रतियोगिता का तीसरा संस्करण** शुरू किया।

- इसका उपयोग **ड्रोन आधारित रडार सिस्टम तैयार करने में** किया जाएगा।
- मेहर सिंह जिन्हें मेहर बाबा के नाम से भी जाना जाता है को भारतीय वायु सेना का पहला महावीर चक्र प्रदान किया गया था।

10. भारत के महान फोटोग्राफर रघु राय का हुआ निधन।

- इन्होने 1971 के भारत-पाक युद्ध का फोटोग्राफी किया था।
- इन्हे **1972 में पद्म श्री** दिया गया था।

11. **तमिलनाडु के थूथुकुडी में** होलोसीन काल का जीवाश्म बिस्तर खोजा गया है।

- यह **होलोसीन काल** का जीवाश्म है।
- यह लगभग **8,000 से 12,000 वर्ष पुराना** जीवाश्म बिस्तर है।
- जीवाश्म बिस्तर अवसादी चट्टानों की एक ऐसी परत होती है, जहाँ बहुत बड़ी मात्रा में प्राचीन जीवों और पौधों के जीवाश्म पाए जाते हैं।

## 30 April 2026

1. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 38वें SEBI स्थापना दिवस पर "मिशन जागरूक" किया लॉन्च।

- मिशन जागरूक, **SEBI के द्वारा चलाया जाने वाला जागरूकता अभियान** है।
- **SEBI =** Securities and Exchange Board of India (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड)
- SEBI की **स्थापना 12 अप्रैल 1992** को हुई थी। इसका **मुख्यालय मुंबई** में है।
- वर्तमान में SEBI के हेड **तुहिन कांता पांडे** हैं।

2. WHO ने शिशुओं के लिए विशेष रूप से बनी पहली मलेरिया दवा "आर्टेमेथर-लुमेफैंट्रिन" को दी मंजूरी।

- यह दवा 5 Kg से कम वजन के शिशुओं के लिए है।
- WHO की **स्थापना 7 अप्रैल 1948** को हुई थी। इसका **मुख्यालय जिनेवा (स्विटजरलैंड)** में है।
- 7 अप्रैल को **वर्ल्ड हेल्थ डे** मनाया जाता है।
- 25 अप्रैल को **विश्व मलेरिया दिवस** मनाया जाता है।

3. OIL और IOC ने की लीबिया में तेल और गैस की नई खोज।

- यह खोज लीबिया के **गदामेस बेसिन में** हुई है।
- यहाँ **327 बैरल, तेल** और **13 मिलियन क्यूबिक फिट, गैस** मिला है।
- OIL = Oil India Limited
- IOC = India Oil Limited
- भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री **हरदीप सिंह पुरी** हैं।

4. लद्दाख के उपराज्यपालविनय कुमार सक्सेना ने लद्दाख में पांच नए जिलों के गठन को दी मंजूरी।

- **वे 5 जिले हैं** = नुब्रा, शाम, जास्कर, द्रास और चांगथांग।
- लद्दाख में पहले 2 जिले थे और 5 नये जिले बन गए इस प्रकार **अब 7 जिले हो गए**।

5. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और CM चंद्रबाबू नायडू ने विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में Google Cloud AI Hub की रखी आधारशिला।

- इसमें **15 अरब डॉलर** खर्च होगा।
- अश्विनी वैष्णव रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं।
- चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री हैं।

6. चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने अपने नए "Atlas ड्रोन स्वार्म सिस्टम" का किया अनावरण।
7. न्यूजीलैंड के साथ हुए FTA के तहत सभी भारतीय उत्पादों के लिए, 100% निर्यात शुल्क हुआ समाप्त।

- FTA = Free Trade Agreement (मुक्त व्यापार समझौता)
- इस समझौते पर**27 अप्रैल 2026** को **हस्ताक्षर किया गया**।

8. RBI के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने देहरादून में वित्तीय साक्षरता शिविर का किया दौरा।
9. नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) ने कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला का तुर्किये से किया सफल प्रत्यर्पण।

- मोहम्मद सलीम डोला का प्रत्यर्पण **ऑपरेशन ग्लोबल हंट** के द्वारा किया गया।
- प्रत्यर्पण का अर्थ है, मोहम्मद सलीम डोला को तुर्किये से पकड़कर भारत लाया गया।

10. असम के भौतिक विज्ञानी प्रोफ़ेसर अतनु नाथ को मिलेगा फंडामेंटल फिजिक्स में ग्लोबल ब्रेकथ्रू प्राइज।

- यह अवार्ड **सैनफ्रांसिस्को (USA) में** दिया जाएगा।
- इसमें **3 मिलियन डॉलर** की राशि दी जाएगी।

11. भारत, वर्ष 2026 में गोवा में SAFF महिला चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी।

- **SAFF =** South Asia Football Federation (दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ) । यह दक्षिण एशिया के उन देशों का एक समूह है, जो फुटबॉल खेलते हैं।
- यह चैंपियनशिप **गोवा** के **जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम** में होगा।

**1 May 2026**

1. UAE ने की OPEC से बाहर निकलने की घोषणा।

- OPEC = Organization of the Petroleum Exporting Countries
- OPEC की **स्थापना 1960 में बगदाद में** हुई थी। इसका **मुख्यालय वियना** (ऑस्ट्रिया की राजधानी) में है।
- वर्तमान में इसके **11 सदस्य देश** हैं।

2. मराठी फिल्म "जीव" और "अप्रैल मई 99" का कान्स अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए हुआ चयन।
3. SIPRI के विश्व सैन्य व्यय के रुझान, 2025 के अनुसार भारत को मिला 5वां स्थान।

- SIPRI के अनुसार **2025 में सेना पर खर्च करने के मामले में** भारत विश्व में 5वे स्थान पर है।

| | |
|---|---|
| प्रथम स्थान पर | USA |
| दूसरे स्थान पर | चीन |
| तिसरे स्थान पर | रूस |
| चौथे स्थान पर | जर्मनी |
| पांचवे स्थान पर | भारत |

4. तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने भारत के पहले निजी रॉकेट "विक्रम-1" को दिखाई हरी झंडी।
5. IRCTC ने नई दिल्ली से 14-दिन का "भारत-भूटान मिस्टिक माउंटेन टूर" किया शुरू।
6. जॉर्डन भारत के नेतृत्व वाली वैश्विक पहलों- ISA, CDRI और GBA में हुआ शामिल।

- ISA = **International Solar Alliance** (अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन)
- ISA का **मुख्यालय गुरुग्राम** में है।

7. P.V. सिंधु को BWF काउंसिल में मिला वोट देने का अधिकार।
8. PM नरेंद्र मोदी ने मेरठ को प्रयागराज से जोड़ने वाले 594 Km लंबे "गंगा एक्सप्रेसवे" का किया उद्घाटन।
9. सुमित्रा गुहा और लक्ष्मण कृष्णराव पंडित को सुर ज्योत्स्ना राष्ट्रिय संगीत पुरस्कार 2026 से किया गया सम्मानित।
10. RBI ने शहरी सहकारी बैंकों में शासन को बेहतर बनाने के लिए "मिशन सक्षम" 28 April 2026 को किया लॉन्च।

- इस मिशन के द्वारा शहरी सहकारी बैंकों के कर्मचारियों का skill डेवलप किया जायेगा।
- RBI की स्थापना **1 अप्रैल 1935** को **यंग हिल्टन आयोग** के सिफारिश पर हुई थी।
- RBI का राष्ट्रिय करण **1 January 1949 को** हुआ था।
- RBI का **मुख्यालय मुंबई** में है तथा वर्तमान में इसके **गवर्नर संजय मल्होत्रा** हैं।

11. NITI Aayog ने $30 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था और $18,000 प्रति व्यक्ति आय के लक्ष्य के साथ DPI@2047 योजना की शुरू।

- DPI = Digital Public Infrastructure
- इसका थीम है **समृद्धि का मार्ग**।

12. पीवी सिंधु को BWF एथलीट काउंसिल का अध्यक्ष किया गया नियुक्त।

**2 May 2026**

1. SkyHop Aviation कंपनी को लक्षद्वीप में भारत की पहली कमर्शियल सीप्लेन सेवा के लिए DGCA से मिली मंजूरी।

- **DGCA** = Directorate General of Civil Aviation (नगर विमानन महानिदेशालय) : यह देश में नागरिक उड्डयन, सुरक्षा नियमों और लाइसेंसिंग की देखरेख करती है।
- सीप्लेन = वह विमान जो पानी से भी उड़ान भर सकता है।

2. APEDA ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में देश के पहले बासमती और ऑर्गेनिक ट्रेनिंग सेंटर के लिए उत्तर प्रदेश के साथ किया समझौता।
3. भारत ने पहली बार चार कोयला खदानों को "भूमिगत कोयला गैसीकरण" तकनीक का प्रयोग करने की दी मंजूरी।

- वे चार कोयला खदान हैं = **रेचरला, चिंतनपुडी, बेलमहाड और तंगरडीही खदान** हैं। ये चारों खदान **ओडिशा और मध्यप्रदेश** में है।
- इसमें जमीन के अंदर ही कोयला को गैस में परिवर्तित कर दिया जायेगा।

4. पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 में 943 "फ्रंट रनर" पंचायतों के साथ त्रिपुरा ने हासिल किया शीर्ष स्थान।

- पंचायत उन्नति सूचकांक **पंचायतीराज मंत्रालय** द्वारा जारी किया गया।
- सूचकांक 2.0, **2023-2024 के आकड़े के अनुसार** जारी किया गया है।
- **पश्चिमबंगाल** इस **सूचकांक में शामिल नहीं** है।
- इसमें **दूसरे स्थान पर तेलंगाना** है।

5. SEBI पारदर्शिता और निवेशकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए "PaRRVA" को करेगा लॉन्च।

6. फिनलैंड में दुनिया का पहला न्यूक्लियर वेस्ट वॉल्ट होगा प्रारंभ।

- इसमें **रेडियोधर्मी कचरा** को **धरती के निचे Store** किया जायेगा।
- यह वॉल्ट जमीन से **400-450 मिटर गहराई** पर स्थापित होगा।
- इसकी **क्षमता 6,500 टन** होगी।
- **फिनलैंड** को **झिलों का देश** कहा जाता है। फिनलैंड की **राजधानी हेलसिंकी** है।

7. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने चंडीगढ़ में 10वें, राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन का किया उद्घाटन।

- इसका थीम **नवाचार और समावेशिता** है।

8. तमिलनाडु की रितिका श्री बनी भारत की पहली ट्रांसजेंडर अंपायर।
9. DRDO और भारतीय नौसेना ने Naval Anti-Ship Missile-Short Range का पहला सफल साल्वो किया लॉन्च।

- यह साल्वो Test **ओडिशा में** बंगाल की खाड़ी के तट से थोड़ी दूर किया गया।
- साल्वो = एक ही जगह से बहुत कम समय में दो मिसाइल, एक के बाद एक छोड़ी जाती है।

10. भारत ने सभी को स्वास्थ्य सेवा देने के मकसद से 30 अप्रैल को मनाया आयुष्मान भारत दिवस।

- **आयुष्मान भारत योजना**, **23 September 2018 को** प्रारंभ हुई थी। इसी योजना को वर्तमान में **PM-जन आरोग्य योजना** कहते हैं।
- इस योजना के तहत **5 लाख कैशलेस स्वास्थ्य बिमा** प्रदान किया जाता है।

11. भारतीय सेना (Indian Army) मेघालय (उमरोई) में "अभ्यास प्रगति" के पहले संस्करण के लिए 11 देशों की करेगी मेजबानी।

- इसका उद्देश्य **हिन्द महासागर की सुरक्षा करना** है।
- मेघालय राज्य की स्थापना **1972 में** हुई थी। यहाँ के मुख्य मंत्री **कॉनराड संगमा** हैं।